व्यापारिक सुगमता

# निवेश फ्रेंडली 25 औद्योगिक नीतियां

| | | |
|---|---|---|
| डेटा सेंटर | विमान रखरखाव | जैव ऊर्जा |
| फिल्म | सूचना प्रौद्योगिकी | फार्मास्युटिकल |
| औद्योगिक निवेश | इलेक्ट्रिक वाहन | डेयरी फार्म |
| कुक्कुट विकास | एमएसएमई | कृषि निर्यात |
| टेक्सटाइल एंड गारमेंटिंग |  | चिकित्सा महाविद्यालय योजना |
| स्पोर्ट्स | इंडस्ट्रीज | स्टार्टअप |
| रक्षा तथा एयरोस्पेस | निर्यात प्रोत्साहन | पर्यटन |
| सौर ऊर्जा | नागरिक उड्डयन | ग्रीन हाइड्रोजन |

# विदेशी कंपनियों से पूंजी निवेश




**निशा जैन**

राज्य में बड़े पूंजी निवेश के लिए 304 विदेशी कंपनियों द्वारा निवेश की तैयारी है। इन कंपनियों में गूगल, एप्पल, रोल्स रॉयस, सुजकी, वॉलमार्ट, अमेज़न, जानसन एंड जानसन, फाइजर, मर्क, मर्सिडीज, लॉरियल व फिलिप्स प्रमुख हैं। आईटी, रक्षा उत्पाद से लेकर कृषि तक में नामी विदेशी कंपनियों को यूपी में निवेश के लिए योगी सरकार ब्रांडिंग कर रही है। निवेश हेतु आमंत्रित कंपनियों में यूके की 53, संयुक्त अरब अमीरात की 16, फ्रांस व दक्षिण अफ्रीका की 13-13, जापान की 12 कंपनी, दक्षिण कोरिया की 10, नीदरलैंड की 12, जर्मनी की 15, बेल्जियम की 10, स्वीडन व मॉरीशस की 8-8 ब्राजील की 14, आस्ट्रेलिया की 5 और इज़रायल की 14 कंपनियां शामिल हैं।

## नौ सेक्टर में निवेश

प्रदेश में बड़े पैमाने पर इन्वेस्टमेंट के लिए अमेरिकी कंपनियों में उत्सुकता बढ़ने लगी है। प्रदेश के कुल 9 सेक्टर ऐसे हैं, जहां अमेरिकी कंपनियों की दिलचस्पी ज्यादा है। अमेरिकी कंपनियों की ओर से जिन सेक्टर्स में विशेष रुचि दिखाई गयी है उनमें आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा और एयरोस्पेस, फार्मास्युटिकल और चिकित्सा उपकरण, रिटेल, ऑटोमोबाइल और ऊर्जा मुख्य हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में वेंचर कैपिटलिस्ट भी यूपी में निवेश को इच्छुक हैं।